हम तुम

पटना, रविवार, अगस्त 12, 2007, वर्ष 22, अंक 220, पृष्ठ 16+8+4, मूल्य 4.00 रुपये

हिन्दुस्तान

पटना, रांची, दिल्ली और लखनऊ से प्रकाशित

www.hindustandainik.com

नगर

वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए राजभवन से जुड़ेंगे विवि

पटना (हि.प्र.)। राजभवन के ओएसडी डा. आर. कृष्ण कुमार ने कहा कि सभी विश्वविद्यालयों को वीडियो कांफ्रेंसिंग द्वारा जोड़ा जाएगा ताकि विश्वविद्यालयों की सारी गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। शनिवार को टेक्नॉलोजी भवन में सभी विश्वविद्यालयों के कुलसचिव,परीक्षा नियंत्रक एवं पुस्तकालयध्यक्षों की बैठक को संबोधित करते हुए डा. कुमार ने कहा कि यह कम्प्यूटर एवं इंटरनेट का युग है। कम्प्यूटर एवं इंटरनेट के द्वारा ही हम सभी विश्वविद्यालयों से जुड़ सकते हैं और उनकी उपलब्धियों से भी रूबरू हो सकते हैं। इसलिए सभी विश्वविद्यालयों को वीडियो कांफ्रेंसिंग से जोड़ने का निर्णय लिया गया है।

प्रथम चरण में राजभवन से सभी विश्वविद्यालयों को, द्वितीय चरण में विश्वविद्यालय से कॉलेजों को तथा तृतीय चरण में सभी कॉलेज से छात्रों एवं शिक्षकों को वीडियो कांफ्रेंसिंग द्वारा जोड़ा जाएगा। उसके बाद सभी विश्वविद्यालयों के परीक्षा विभाग एवं पुस्तकालयों का कम्प्यूटरीकृत किया जाएगा। ओएसडी ने कहा कि कुलाधिपति ने पिछले साल ही सभी विश्वविद्यालयों को परीक्षा विभाग एवं पुस्तकालयों को कम्प्यूटर से जोड़ने का आदेश दिया था लेकिन किसी भी विश्वविद्यालय में परीक्षा विभाग एवं पुस्तकालयों को पूर्णत: कम्प्यूटरीकृत नहीं किया गया है। लेकिन अब सभी विश्वविद्यालयों को फिर से निर्देश दिया जाता है कि वे शीघ्र ही परीक्षा विभाग एवं पुस्तकालय को पूर्णत: कम्प्यूटरीकृत करें और वर्ष 2008 से छात्रों को इसका लाभ मिलना चाहिए।

सभी कुलसचिव व परीक्षा नियंत्रक के साथ बैठक

राजभवन में 13 को होगी कुलपतियों की बैठक

उन्होंने कहा कि सभी विश्वविद्यालयों में 6-6 कम्प्यूटर विशेषज्ञ की तदर्थ नियुक्ति होगी और इसका नोडल एजेंसी नेशनल इंफार्मेटिक सेन्टर को दिया जाएगा। यह एजेंसी ही सभी विश्वविद्यालयों में कम्प्यूटर कार्य की मॉनीटरिंग करेगी। इस नोडल एजेंसी की सिफारिश पर ही कम्प्यूटर विशेषज्ञों की नियुक्ति की जाएगी। ओएसडी डा. कृष्ण कुमार ने कहा कि सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति, प्रतिकुलपति, कुलसचिव का ई. मेल तैयार हो गया है। 13 अगस्त को राजभवन में कुलपतियों एवं कुलसचिवों की बैठक होगी जिसमें कम्प्यूटरीकरण पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। सभी कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रकों को निर्देश दिया गया है कि शनिवार की बैठक की विस्तृत जानकारी अपने-अपने कुलपतियों को देंगे तथा 13 अगस्त की बैठक में कुलपति इसकी कार्ययोजना लेकर आएंगे। बैठक में चाणक्या एवन ई. ग्रंथालय की विशेषताओं पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला गया। इसमें राज्य सूचना पदाधिकारी डा. सौरभ गुप्ता, एनआईसी विशेषज्ञ पी. के. उपाध्याय एवं आर. के. मटोरिया ने भी अपने विचार व्यक्त किए।